# अभ्यास प्रश्न पत्र 1

## कक्षा 10

## सामाजिक विज्ञान

**समय 3 घण्टा** **पूर्णांक 80**

1. यह प्रश्न पत्र पाँच खण्डों में विभाजित है– खण्ड क, खण्ड ख, खण्ड ग, खण्ड घ खण्ड ड ।
2. इस प्रश्न पत्र में कुल 32 प्रश्न हैं।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन उपलब्ध है। उनमें में से किसी एक प्रश्न को ही करें।
4. प्रश्नों के सामने उनके निर्धारित अंक लिखे हुए हैं।
5. प्रश्न संख्या 1 से 16 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है।
6. प्रश्न संख्या 17 से 22, प्रत्येक 3 अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
7. प्रश्न संख्या 23 से 26, स्रोत आधारित प्रश्न प्रत्येक 4 अंकों के हैं।
8. प्रश्न संख्या 27 से 31, प्रत्येक 5 अंकों के हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
9. प्रश्न संख्या 32 एक मानचित्र आधारित प्रश्न (5 अंकों का) है, जिसके दो भाग–32 A इतिहास (2 अंक) और 32 B भूगोल(3 अंक) हैं।
10. मानचित्र आधारित प्रश्न प्रश्न संख्या 32 एवं कुछ चित्र आधारित प्रश्नों के स्थान पर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

## खण्ड क

प्र.1 सही मिलान की पहचान कीजिए। 1

a. बिस्मार्क – इटली
b. मेत्सिनी – जर्मनी
c. कावूर – ब्रिटेन
d. मैटरनिख – आस्ट्रिया

प्र.2 नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। 1

**संकल्पना** (स): महात्मा गाँधी ने द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया।

**कारण** (क): 1931 में गाँधी – इरविन समझौता हुआ।

विकल्प

A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।
B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।
C. संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।
D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है।


**प्र.3** निम्नलिखित में से कौन – सा कथन मरूस्थलीय मृदा के संदर्भ में सही है? 1

A. लाल एवं भूरा रंग
B. रेतीली तथा लवणीय
C. शुष्क जलवायु तथा उच्च तापमान के कारण जल वाष्पन की दर अधिक
D. सभी कथन सत्य है।

**प्र.4** रेखांकित वाक्यांश को सही करके पुनः लिखिए। 1

एक देश जिसमें जीवनस्तर, स्वास्थय और सुरक्षा के लिहाज से बेहतर माहौल है, उसे <u>विकासशील देश</u> के रूप में जाना जाता है।

**प्र.5** निम्नलिखित कार्टून की व्याख्या अपने शब्दों में कीजिए। 1




निम्नलिखित प्रश्न, प्रश्न संख्या 5 के स्थान पर <u>केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों</u> के लिए है।

एकदलीय व्यवस्था से आप क्या समझते हैं?

**प्र.6** सत्य व असत्य बताइए। 1

कांडला भारत का सबसे बडा पत्तन है।

**प्र.7** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। 1

सरकार द्वारा व्यापार अवरोधों को हटाने की प्रक्रिया को................ कहते हैं।

प्र.8 निम्नलिखित में से कौन सा एक संघ सूची का विषय नहीं है? 1

1. रक्षा 2. कृषि 3. संचार 4. व्यापार

A. केवल 1

B. केवल 2 और 4

C. केवल 3

D. केवल 1 और 2

प्र.9 'सुनहरा रेशा' किस फसल को कहा जाता है? 1

अथवा

किसी एक 'जायद' फसल का उदाहरण लिखिए।

प्र.10 वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु एक उपाय सुझाइए। 1

अथवा

जल प्रदूषण की रोकथाम हेतु एक उपाय सुझाइए।

प्र.11 मान लीजिए आपको दिल्ली से चेन्नई आपातकालीन चिकित्सीय सहायता हेतू जाना है। इस प्रकार की आपातकालीन चिकित्सीय परिस्थितियों में परिवहन का कौन –सा साधन आपके लिए अधिक सहायक साबित होगा? 1

अथवा

मान लीजिए आपको दिल्ली में अपने घर से उसी शहर में अपने किसी मित्र के घर जाना है। परिवहन का कौन – से साधन का प्रकार आपके लिए अधिक सहायक साबित होगा?

प्र.12 इकबाल एवं उसके परिवार के पाँच सदस्य मिलकर कृषि कार्य करते है एवं 50 टन गेहूँ का उत्पादन करते हैं। किसी पारिवारिक झगड़े के कारण परिवार के दो सदस्य पारिवारिक व्यवसाय को छोड देते है। फिर भी परिवार के शेष सदस्य 50 टन गेहूँ का उत्पादन कर लेते हैं। बताइए परिवार के दो सदस्य किस प्रकार की बेरोजगारी के शिकार थे? 1

प्र.13 कौन सी दलीय व्यवस्था को लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं माना जाता है? 1

प्र.14 यूरोपीयन यूनियन का मुख्यालय कहाँ स्थित हैं? 1

प्र.15 हमारे संविधान के अनुसार, 'अवशिष्ट विषयों' पर कानून बनाने की शक्ति किसके पास है? 1

प्र.16 गृहयुद्ध से आप क्या समझते हैं? 1

# खण्ड ख

**प्र.17** 'बागानों में काम करने वाले लोगों की महात्मा गाँधी के विचार एवं स्वराज को लेकर अपनी अवधारणा थी'। कथन का समर्थन में तर्क दीजिए। 3

**प्र.18** लोकतंत्र शासन करने के अन्य विकल्पों से बेहतर किस प्रकार है? 3

**प्र.19** आपकी जेब में मौजूद धन उन सभी वस्तुओं और सेवाओं को नहीं खरीद सकता है जिनकी आपको बेहतर जीवन जीने के लिए आवश्यकता हो सकती है। क्या यह सच है? स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

"पर्यावरणीय क्षरण के परिणाम राष्ट्रीय या राज्य की सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं।" कथन की न्यायसंगत व्याख्या कीजिये।

**प्र.20** 'भाषाई राज्यों का निर्माण हमारे देश में लोकतांत्रिक राजनीति का पहला और प्रमुख परीक्षण था।' इस कथन की पुष्टि कीजिए। 3

**प्र.21** सत्ता में साझेदारी लोकतंत्र की आत्मा है। कथन की पुष्टि कीजिए। 3

**प्र.22** सड़क परिवहन, रेल परिवहन से अधिक महत्वपूर्ण क्यों है? 3

अथवा

पर्यटन एक उद्योग या व्यापार के रूप में अर्थव्यवस्था के विकास में किस प्रकार सहायक है?

# खण्ड ग

## स्रोत आधारित प्रश्न (4 अंक)

**प्र.23 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

यूरोप में उन्नीसवीं सदी के शुरुआती दशकों में राष्ट्रीय एकता से संबंधित विचार उदारवाद से करीब से जुड़े थे। उदारवाद यानी liberalism शब्द लातिन भाषा के मूल *liber* पर आधारित है जिसका अर्थ है 'आजाद'। नए मध्य वर्गों के लिए उदारवाद का मतलब था व्यक्ति के लिए आजादी और कानून के समक्ष सबकी बराबरी। राजनीतिक रूप से उदारवाद एक ऐसी सरकार पर जोर देता था जो सहमति से बनी हो। फ्रांसीसी क्रांति के बाद से उदारवाद निरंकुश शासक और पादरीवर्ग के विशेषाधिकारों की समाप्ति, संविधान तथा संसदीय प्रतिनिधि सरकार का पक्षधर था। उन्नीसवीं सदी के उदारवादी निजी संपत्ति के स्वामित्व की अनिवार्यता पर भी बल देते थे। लेकिन यह जरूरी नहीं था कि कानून के समक्ष बराबरी का विचार सबके लिए मताधिकार (suffrage) के पक्ष में था। आप याद करें कि क्रांतिकारी फ्रांस उदारवादी प्रजातंत्र का पहला राजनीतिक प्रयोग था और वहाँ मत देने और चुने जाने का अधिकार केवल संपत्तिवान पुरुषों को ही हासिल था। संपत्ति–विहीन पुरुष और सभी महिलाओं को राजनीतिक अधिकारों से वंचित रखा गया था। केवल थोड़े समय के लिए जैकोबिन शासन के समय सभी वयस्क पुरुषों को मताधिकार प्राप्त था। मगर नेपोलियन की संहिता पुनः सीमित मताधिकार वापस आई और उसने

महिलाओं को अवस्यक दर्जा देते हुए उन्हें पिताओं और पतियों के अधीन कर दिया। संपूर्ण उन्नीसवीं सदी तथा बीसवीं सदी के आरंभिक वर्षों में महिलाओं और संपत्ति–विहीन पुरुषों ने समान राजनीतिक अधिकारों की माँग करते हुए विरोधी–आंदोलन चलाए।

(i).राजनीतिक रूप से उदारवादी किस प्रकार की सरकार पर जोर देते थे? 1

A. निरंकुश
B. सहमति के आधार पर
C. उपरोक्त दोनों
D. उपरोक्त में से कोई नहीं।

(ii).उदारवाद से आप क्या समझते हैं? 1

(iii). ............ संहिता के माध्यम से सीमित मताधिकार की वापसी हुई। 1

(iv).उदारवादी प्रजातंत्र का पहला प्रयोग कौन –सा देश था? 1

**प्र. 24 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

'सत्याग्रह शारीरिक बल नहीं है। सत्याग्रही अपने शत्रु को कष्ट नहीं पहुँचाता वह अपने शत्रु का विनाश नहीं चाहता। ...सत्याग्रह के प्रयोग में दुर्भावना के लिए कोई स्थान नहीं होता। 'सत्याग्रह तो शुद्ध आत्मबल है। सत्य ही आत्मा का आधार होता है। इसीलिए इस बल को सत्याग्रह का नाम दिया गया है। आत्मा ज्ञान से हमेशा लैस होती है। इसमें प्यार की लौ जलती है...। अहिंसा सर्वोच्च धर्म है...। 'इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत विनाशकारी शस्त्रों के मामले में ब्रिटेन या यूरोप का मुकाबला नहीं कर सकता। अंग्रेज युद्ध के देवता की उपासना करते हैं। वे सब हथियारों से लैस हो सकते हैं, होते जा रहे हैं। भारत में करोड़ों लोग कभी हथियार लेकर नहीं चल सकते। उन्होंने अहिंसा के मार्ग को आत्मसात् कर लिया है...।'

(i).युद्व के देवता की उपासना कौन करता है? 1

A. ब्रिटेन
B. भारत
C. रूस
D. अमेरिका

(ii).सत्याग्रह तो शुद्व .............. है। 1

(iii). आत्मा का मूल आधार क्या है? 1

(iv).उपरोक्त अनुच्छेद का सार अपने शब्दों में लिखिए। 1

**प्र. 25 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए नियोजन एक सर्वमान्य रणनीति है। इसलिए भारत जैसे देश में जहाँसंसाधनों की उपलब्धता में बहुत अधिक विविधता है, यह और भी महत्त्वपूर्ण

है। यहाँ ऐसे प्रदेश भी हैं जहाँ एक तरह के संसाधनों की प्रचुरता है, परंतु दूसरे तरह के संसाधनों की कमी है। कुछ ऐसे प्रदेश भी हैं जो संसाधनों की उपलब्धता के संदर्भ में आत्मनिर्भर हैं और कुछ ऐसे भी प्रदेश हैं जहाँ महत्त्वपूर्ण संसाधनों की अत्यधिक कमी है। उदाहरणार्थ, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ आदि प्रांतों में खनिजों और कोयले के प्रचुर भंडार हैं। अरुणाचल प्रदेश में जल संसाधन प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, परंतु मूल विकास की कमी है। राजस्थान में पवन और सौर ऊर्जा संसाधनों की बहुतायत है, लेकिन जल संसाधनों की कमी है। लद्दाख का शीत मरुस्थल देश के अन्य भागों से अलग–थलग पड़ता है। यह प्रदेश सांस्कृतिक विरासत का धनी है परंतु यहाँ जल, आधारभूत अवसंरचना तथा कुछ महत्त्वपूर्ण खनिजों की कमी है। इसलिए राष्ट्रीय, प्रांतीय, प्रादेशिक और स्थानीय स्तर पर संतुलित संसाधन नियोजन की आवश्यकता है।

(i). भारत के निम्नलिखित में से कौन से प्रदेश में कोयले के प्रचुर भंडार नहीं है? 1

A. मध्यप्रदेश
B. छतीसगढ़
C. झारखंड़
D. राजस्थान

(ii). भारत के निम्नलिखित में से कौन से प्रदेश में जल के प्रचुर भंडार है? 1

A. राजस्थान
B. लद्दाख
C. अरूणाचल प्रदेश
D. उपरोक्त में से कोई नहीं।

(iii). संसाधन नियोजन क्यों आवश्यक है? 1

(iv). लद्दाख की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 1

प्र. 26 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

वैश्वीकरण विभिन्न देशों के बीच तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया है। यह अधिकाधिक विदेशी निवेश और विदेश व्यापार के द्वारा संभव हो रहा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ वैश्वीकरण की प्रक्रिया में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। अधिक से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ विश्व के उन स्थानों की खोज कर रही हैं, जो उनके उत्पादन के लिए ज़्यादा सस्ते हों। परिणामत: उत्पादन कार्य जटिल ढंग से संगठित किया जा रहा है। देशों के बीच उत्पादन को संगठित करने में प्रौद्योगिकी, विशेषकर सूचना प्रौद्योगिकी ने एक बड़ी भूमिका निभायी है। साथ ही, व्यापार और निवेश के उदारीकरण ने व्यापार और निवेश अवरोधकों को हटाकर वैश्वीकरण को सुगम बनाया है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर, विश्व व्यापार संगठन ने व्यापार और निवेश के उदारीकरण के लिए विकासशील देशों पर दबाव डाला है। जबकि वैश्वीकरण से धनी उपभोक्ता और कुशल, शिक्षित एवं धनी उत्पादक ही लाभान्वित हुए हैं परन्तु बढ़ती प्रतिस्पर्धा से अनेक छोटे उत्पादक और श्रमिक प्रभावित हुए हैं।

न्यायसंगत वैश्वीकरण सभी के लिए अवसरों का सृजन करेगा और यह भी सुनिश्चित करेगा कि वैश्वीकरण के लाभों में सभी की बेहतर हिस्सेदारी हो।

(i). वैश्वीकरण को अपने शब्दों में परिभाषित कीजिए। 1

(ii). वैश्वीकरण की प्रक्रिया में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की भूमिका का वर्णन कीजिए। 1

(iii). प्रौद्योगिकी ने वैश्वीकरण में किस प्रकार सहायता प्रदान की है? 1

(iv). न्यायसंगत वैश्वीकरण के लिए कुछ उपाय सुझाइए। 1

# खण्ड घ

**प्र.27** साख से आप क्या समझते है? साख किस प्रकार संपत्ति एवं ऋणजाल दोनों की भूमिका निभा सकता है? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। 5

अथवा

स्वयं सहायता समूहों के महत्त्व की व्याख्या कीजिए।

**प्र.28** भारत में क्षेत्रीय दलों के उभार ने संघवाद एवं लोकतंत्र को मजबूत किया है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? व्याख्या कीजिए। 5

अथवा

संघीय व्यवस्था की महत्त्वपूर्ण विशेषताओं को लिखिए।

**प्र.29** उन्नीसवीं शताब्दी में महिलाओं के चित्र किस प्रकार राष्ट्रवाद के रूपक में परिवर्तित हो गए। उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। 5

**प्र.30** अपने दैनिक क्षेत्र से उदाहरण लेते हुए निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रक की गतिविधियों का तुलनात्मक अधययन कीजिए। 5

**प्र.31** किसी देश की आर्थिक उन्नति विनिर्माण उद्योग के विकास से क्यों मापी जाती हैं? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। 5

# खण्ड ड

# मानचित्र कार्य

**प्र.32** A भारत के राजनीतिक मानचित्र में A और B दो बिन्दु अंकित किए गए हैं। इन बिन्दुओं को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खीचीं गयी रेखाओं पर लिखिए। 2


a. वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नील कृषि के विरूद्ध आंदोलन आरम्भ किया।
b. वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

**प्र.32** B भारत के उसी राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए और नाम लिखिए– 3

a) नरौरा नाभिकीय संयंत्र
b) सरदार सरोवर बाँध
c) ककरापारा नाभिकीय संयंत्र
d) सिंगरौली तापीय केन्द्र
e) कांडला पत्तन

निम्नलिखित प्रश्न प्रश्न संख्या 32 के स्थान पर केवल **दृष्टिबाधित विद्यार्थियों** के लिए है।(कोई पाँच करे)

a) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गाँधी ने नील कृषि के विरूद्ध आंदोलन आरंभ किया?
b) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कांग्रेस ने दिसम्बर 1920 में अधिवेशन आयोजित किया?
c) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ हुई घटना के बाद महात्मा गाँधी ने बीच में ही असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया?
d) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नरौरा परमाणु संयंत्र स्थापित है।
e) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ सरदार सरोवर बाँध स्थापित है।
f) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ ककरापारा नाभिकीय संयंत्र स्थापित है।
g) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कांडला पत्तन स्थापित है।



INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश
Tropic of Cancer
Kms. 0 230 460 Kms.
© Government of India Copyright, 2019.
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)